### नायक फिल्म की तर्ज पर कलेक्टर अचानक देशी अंग्रेजी कम्पोजिट शराब दुकान पहुंचे

# अनियमितता पर शराब दुकान का लाइसेंस निरस्त



**नवभारत,दमोह.** जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दमोह स्थित हटा नाका स्थित टीकमगढ़-छतरपुर मार्ग पर एक शराब दुकान पर बड़ी कार्रवाई की है.लगातार प्राप्त शिकायतों और निरीक्षण में पाई गई गंभीर अनियमितताओं के आरोप पर दमोह कलेक्टर प्रताप नारायण यादव नायक फिल्म की तर्ज पर अचानक बुधवार दोपहर संबंधित दुकान पहुंचकर कार्रवाई कर लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया.यह शराब दुकान संजीत राय की बताई गई.लगातार ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिनमें शराब दुकानों द्वारा अनियमितताएं,अवैध विक्रय और निर्धारित दरों से अधिक कीमत पर शराब बेचने की जानकारी दी जा रही थी.विभागीय अधिकारियों को जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे, लेकिन संतोषजनक परिणाम नहीं मिलने पर स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित शराब दुकान को एक अन्य स्थान के लिए लाइसेंस जारी किया गया था, जबकि संचालन किसी दूसरे स्थान पर किया जा रहा था.जिस स्थान पर दुकान संचालित हो रही थी,वहां का कोई वैध लाइसेंस उपलब्ध नहीं था.

**जांच के दौरान शराब दुकान में पाई अनियमितताएं**

जांच के दौरान शराब निर्धारित दरों से अधिक मूल्य पर बेची जा रही थी. दुकान पर लगाया गया साइन बोर्ड भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं था और आवश्यक अभिलेख व दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं पाए गए. इस प्रकार गंभीर अनियमितताएं सामने आने के आरोप पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया.इस कार्रवाई का उद्देश्य आमजन का प्रशासन पर विश्वास बनाए रखना है तथा यह संदेश देना है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी. जिले के सभी अनुज्ञप्तिधारियों से शासन के नियमों व निर्देशों का पालन करने की अपील करते हुए चेतावनी दी कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कभी भी निरीक्षण कर कार्रवाई की जा सकती है.गांव-गांव से अवैध शराब बिक्री और अधिक कीमत वसूलने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं। युवाओं को सुरक्षित व सकारात्मक दिशा प्रदान करने तथा समाजहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा यह सख्त कदम उठाया गया है.

### बांदकपुर कॉरिडोर : व्यापारी निवासियों ने किया प्रदर्शन

## भ्रामक खबरों पर कार्रवाई और नाले की सफाई की मांग



**नवभारत,दमोह। श्री देव जागेश्वर नाथ बांदकपुर में कॉरिडोर निर्माण को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने,दमादी मोहल्ला के खसरा क्रमांक 114 व 115 का पट्टा प्रदाय करने तथा नाले की सफाई को लेकर बुधवार को बांदकपुर के व्यापारी और निवासियों ने कलेक्ट्रेट व एसपी कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की.**

बांदकपुर में शंकर गौतम और राम गौतम पर आरोप भी लगाए गए.करीब 50 से अधिक लोगों ने डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति और एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद व्यापारी व निवासियों ने कलेक्टर प्रताप नारायण यादव व एसपी आनंद कलादगि से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की.ज्ञापन देने वालों में व्यापारी राम शुक्ला, योगेश बाजपेई, सुनील डब्लुया, सीतू पंडा, बृजेश ठाकुर, गुलशन पाठक, सौरभ चौबे, लालचंद राय, अशोक, कमलेश, बल्लू नेमा, अनुराग नेमा, महेश सेन, शिवकुमार, हरिशंकर तिवारी,सीताराम लखेरा, मोहन, हरिदास, गणेश,लल्लू समेत अन्य लोग शामिल रहे.कलेक्टर और एसपी ने व्यापारियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया.

## दमोह में विशेष यातायात जागरूकता व चेकिंग अभियान

### एसपी आनंद कलादगी स्वयं सड़कों पर उतरे, नियम तोड़ने वालों पर की चालानी कार्रवाई



**नवभारत,दमोह.** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के निर्देशन व एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में दमोह शहर में विशेष यातायात चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया गया.अभियान के दौरान एसपी आनंद कलादगि स्वयं सड़कों पर उतरे और वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया.उन्होंने नागरिकों से सुरक्षित वाहन संचालन व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की. खास बात तो यह है रही कि पुलिस अधीक्षक जैसे ही आए, तत्काल यातायात टीआई दलबीर सिंह मार्को,थाना प्रभारी मनीष कुमार कोतवाली स्टाफ और यातायात पुलिस बल की मौजूदगी में कोतवाली चौराहा को चालानी कार्रवाई के दौरान पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया.यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों व मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग की. इस दौरान 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहन चलाने, मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई.

## अवैध हूटर और ब्लैक फिल्म पर यातायात पुलिस की कार्रवाई

▶ एसपी के निर्देशन में चला विशेष चेकिंग अभियान, नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा



**नवभारत, दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के निर्देशन में यातायात पुलिस दमोह द्वारा जिले में कानून व्यवस्था व यातायात नियमों के प्रभावी पालन के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया.यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने बताया कि अभियान के दौरान वाहनों में लगे अवैध हूटर,प्रेशर हॉर्न व ब्लैक फिल्म की सघन जांच की गई।नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफमोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और चालानी कार्यवाही कर जुर्माना वसूला गया।थाना प्रभारी ने कहा कि अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। आमजन से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें और वाहनों में अवैध हूटर,प्रेशर हॉर्न या निर्धारित मापदंड से अधिक गहरी ब्लैक फिल्म का उपयोग न करें.

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल का दूसरा दिन

▶ मरीजों-परिजनों को पिलाया शरबत, मांगों के समर्थन में चलाया जनजागरण




**नवभारत,दमोह.** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी है.जिला अस्पताल परिसर में हड़ताली कर्मचारियों ने मरीजों व उनके परिजनों को ठंडा पानी और शरबत वितरित कर मानवीय सेवा का संदेश दिया.

इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में जनजागरण अभियान भी चलाया.संविदा स्वास्थ्य कर्म चारियों का कहना है कि उनका उद्देश्य आमजन के बीच अपनी जायज मांगों को पहुंचाना तथा जनसमर्थन प्राप्त करना है.कर्मचारियों ने बताया कि वे लंबे समय से मांगों के निराकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है,जिसके चलते आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा.संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने कहा कि उनकी मांगें केवल उनके हितों से जुड़ी नहीं हैं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और कर्मचारियों के भविष्य से भी संबंधित हैं.

## करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग



**दिब्बू राजपूत पर खुद को चोट पहुंचाकर झूठे केस में फंसाने का आरोप**

**नवभारत,दमोह।** करणी सेना परिवार टीम जीवन सिंह शेरपुर ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया को ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में निष्पक्ष जांच कर झूठे आरोपों से निर्दोष व्यक्तियों को बचाने की मांग की गई है.करणी सेना अध्यक्ष नितिन सिंह, आकाश, अमर, सूरज सिंह ने बताया कि दिब्बू राजपूत द्वारा स्वयं को चोट पहुंचाकर अन्य व्यक्तियों पर झूठे आरोप लगाने व उन्हें अपराधिक प्रकरण में फंसाने का प्रयास किए जाने की आशंका है.उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्ति के विरुद्ध पूर्व में चोरी सहित अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं तथा वह आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। वर्तमान में तथ्यों की निष्पक्ष जांच किए बिना किसी निर्दोष व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई किया जाना न्यायोचित नहीं होगा।

## डायल-112 पर मिली सूचना, संदिग्ध बोरी में निकले मुर्गे

### पुलिस ने अफवाहों से बचने की अपील की

**नवभारत,दमोह.** गैसाबाद के कृष्ण कुंज नगर के पास एक बोरी में संदिग्ध वस्तु होने व बदबू आने की सूचना डायल-112 पर मिली.सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सौरभ शर्मा,प्रा.आर. अरविंद तिवारी, आर. सोनू कुर्मी व पुलिस स्टाफ तथा पायलट देवकरण दाहिया तत्काल मौके पर पहुंचे.जांच में पाया गया कि बोरियों में मुर्गे पैक थे, जिनसे बदबू आ रही थी.स्थिति स्पष्ट होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की.



### डायल-112 टीम ने बचाई घायल हिरण की जान, सिग्रामपुर के जंगल में मिला घायल हिरण वन विभाग को सौंपा



**नवभारत,जबेरा/दमोह.** जबेरा क्षेत्र के सिग्रामपुर के जंगल में डायल-112 की टीम ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए घायल हिरण की जान बचाई.सूचना मिलने पर डायल-112 में तैनात आरक्षक उवेश खान व पायलट विनय नायक तत्काल मौके पर पहुंचे .जंगल में घायल अवस्था में मिले हिरण को टीम ने सुरक्षित किया और तुरंत वन विभाग को सूचना दी .वन विभाग की टीम के पहुंचने पर घायल हिरण को उपचार के लिए सुपुर्द कर दिया गया. डायल-112 टीम की तत्परता और संवेदनशीलता की ग्रामीणों ने सराहना की है.

### खेत में काम करते समय करंट लगने से किसान की मौत

तेजगढ़ थाना की इमलिया चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कदई सगोरिया में खेत पर काम कर रहे किसान की करंट लगने से मौत हो गई.प्राप्त जानकारी के अनुसार मुलाम पिता गंगाराम पटेल, उम्र 34 वर्ष, निवासी कदई सगोरिया खेत में काम कर रहे थे. इसी दौरान उन्हें करंट लग गया। परिजन गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल दमोह लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया.घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ।पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

## पथरिया के बरखेड़ा सिंग में युवक को जिंदा जलाने का प्रयास, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर



**नवभारत,पथरिया/दमोह।** जिले के पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जेरठ चौकी के समीप ग्राम बरखेड़ा सिंग में एक युवक को जिंदा जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है.आग से बुरी तरह झुलसे युवक को पहले पथरिया अस्पताल ले जाया गया,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में दमोह जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया.युवक का इलाज जारी है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार बरखेड़ा सिंग निवासी 35 वर्षीय हरि सिंह पिता नारायण सिंह जले हुए अवस्था में एंबुलेंस के माध्यम से सीधे एसपी ऑफिस पहुंचा.

**एडिशनल एसपी ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश**

एसपी ऑफिस में एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया व कोतवाली टीआई मनीष कुमार, अमित मिश्रा ने युवक की बात सुनी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। घटना की सूचना मिलते ही जेरठ चौकी प्रभारी गोपाल सिंह मौके पर पहुंचे.

### एक नजर में



### संस्कार भवन में मासिक सुंदरकांड का आयोजन

**नवभारत,दमोह।** पुरुषोत्तम माह के पावन पर्व पर संस्कार भवन में श्रीमती अंजलि भावेश असाटी (भुवानी प्रसाद असाटी) द्वारा मासिक सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया .कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार की पूजा-अर्चना के साथ हुआ. इसके बाद सुंदरकांड का सुमधुर गान किया गया .आयोजन में समाज के पदाधिकारी गण,संरक्षक मंडल,मार्गदर्शक मंडल के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया .सभी ने मिलकर भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया .सामूहिक आरती के बाद पुरुषोत्तम माह की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए सुंदर भजनों का गायन किया गया. कार्यक्रम के अंत में आयोजक श्रीमती अंजलि भावेश असाटी द्वारा सभी बहनों को प्रसाद वितरित कर जलपान कराया गया और आयोजन का सफल समापन हुआ.



### गौर राधा रमन मंदिर की मासिक प्रभात फेरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवभारत,दमोह।** प्रत्येक माह की 1तारीख को निकलने वाली श्री गौर राधा रमन मंदिर की प्रभात फेरी इस बार बजरिया वार्ड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई ।फेरी समीप के क्षेत्र में भ्रमण करते हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा के निवास स्थान पर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में हजारों की संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। भक्त भजन गाते, नाचते हुए प्रभात फेरी में चलते नजर आए ।श्रद्धालुओं ने जगह-जगह प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया और भगवान का पूजन-दर्शन किया। फेरी के समापन पर मंदिर के पुजारी अभिषेक पांडे ने धर्म प्रवचन दिया। उन्होंने भगवान के भजन की महत्वता पर प्रकाश डाला और सत्संग की प्रधानता बताई ।मंदिर से जुड़े श्रद्धालु सीताराम सोनी ने बताया कि प्रभात फेरी को लेकर नगर में खासा उत्साह रहा।

## शहर में पानी संकट के बीच फूटी पाइप लाइन से हजारों लीटर पानी बर्बाद

**नवभारत की सूचना पर कलेक्टर ने लिया संज्ञान सीएमओ को दिए तत्काल सुधार के निर्देश**



**नवभारत,दमोह।** एक तरफदमोह शहर पानी की समस्या से जूझ रहा है, वहीं दूसरी तरफगड्ढा खोदने के दौरान पाइपलाइन फूटने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। मामले की जानकारी नवभारत द्वारा कलेक्टर प्रताप नारायण यादव को दी गई। सूचना मिलते ही कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सीएमओ को दूरभाष पर निर्देशित कर पाइपलाइन बंद कराने और सुधार कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**नवभारत,हटा/दमोह** ।महिला बाल विकास हटा द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी की थीम पर हटा,पटेरा, बटियागढ़ की नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिव सीय प्रशिक्षण आजीविका भवन हटा में आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर चंद्रकांति बहोत्रा के द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रीटेस्ट अंतर्गत पंजीकरण किया गया और पोषण भी पढ़ाई भी आधारशिला,नवचेतना योजना की जानकारी दी गई ।प्रभारी महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया आधारशिला में 3-6 वर्ष के बच्चों को विकास विभाग क्षेत्र की जानकारी थी, इसी सूची के खेल संबंधित गतिविधियां, एसएससी साप्ताहिक खेल आधारित कैलेंडर के बारे में जानकारी दी गई।

## कृषि उपज मंडी में तुलाई नहीं होने से भड़के किसान

### जाम लगाकर किया प्रदर्शन, कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम और पुलिस ने समझाइश देकर खुलवाया रास्ता



**नवभारत,दमोह। कृषि उपज मंडी में तुलाई कार्य ठप होने से नाराज किसानों ने मंगलवार को जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया. गुस्साए किसानों ने नारेबाजी भी की.सूचना मिलते ही एसडीएम गंधर्व मौके पर पहुंचे और किसानों से संवाद किया.समझाइश के बाद जाम हटवाया गया.**

इस दौरान तहसीलदार राबिन जैन,टीआई देहात अमित गौतम, चौकी प्रभारी विक्रम दांगी समेत पुलिस बल मौजूद रहा.किसानों का आरोप है कि मंडी में समय पर तुलाई न होने से उनकी उपज खराब हो रही है और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रशासन ने जल्द समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया है और तुलाई और खरीदी चालू करवाई ।इसके साथ ही बुधवार शाम को हुई झमाझम बारिश में सेड के बाहर रखा अनाज में बारिश का पानी पड़ गया। जिससे अनाज खराब हुआ है मौके पर तहसीलदार रॉबिन जैन पहुंचे उन्होंने किसानों को समझाइस दी।

### रोन हत्याकांड, चारों आरोपियों को आजीवन कारावास

**कोर्ट ने सुनाया फैसला, जुर्माने से भी किया दंडित**

**नवभारत,दमोह।** ग्राम रोन, थाना नोहटा में हुए बहुचर्चित हरि साहू हत्याकांड में माननीय न्यायालय अनुराग कुशवाहा ने शुक्रवार को अहम फैसला सुनाया। हत्याकांड में शामिल सभी चारों आरोपियों को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं जुर्माने की सजा से दंडित किया गया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक/शासकीय अभिभाषक सूरज ताम्रकार द्वारा की गई। उल्लेखनीय है कि रोन गांव में हरि साहू की हत्या का यह मामला लंबे समय से चर्चा में था। कोर्ट के फैसले के बाद मृतक के परिजनों ने संतोष जताया है।

**विरोध प्रदर्शन** | भगवती मानव कल्याण संगठन ने सौंपा ज्ञापन

## अवैध शराब, उत्खनन एवं पत्रकारों पर हमलों का विरोध



**नवभारत,जबेरा/दमोह.** जबेरा विधानसभा क्षेत्र में बढ़ती अवैध गतिविधियों, अवैध शराब कारोबार, अवैध उत्खनन, ग्राम पंचायतों में कथित भ्रष्टाचार तथा पत्रकारों के साथ हो रही मारपीट की घटनाओं के विरोध में भगवती मानव कल्याण संगठन ने बुधवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम छोटे गिरी गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में संगठन ने क्षेत्र में खुलेआम संचालित हो रहे अवैध शराब कारोबार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है तथा युवा पीढ़ी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संगठन ने आरोप लगाया कि विभिन्न ग्राम पंचायतों में अवैध उत्खनन और पंचायत कार्यों में नियमों के विपरीत मशीनों का उपयोग किया जा रहा है,जिससे शासन को राजस्व हानि होने के साथ-साथ पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है ।संगठन ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि यदि कोई अधिकारी क्षेत्र में संचालित अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने का प्रयास करता है तो उस पर विभिन्न प्रकार के दबाव बनाए जाने तथा स्थानांतरण जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने की बातें सामने आती हैं। यदि ऐसे आरोप सत्य पाए जाते हैं तो यह प्रशासनिक निष्पक्षता और सुशासन की भावना के विपरीत है। पत्रकारों के साथ हो रही मारपीट, धमकी और भय का वातावरण बनाए जाने की घटनाओं को लेकर भी संगठन ने कड़ा विरोध जताया तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष डॉ. सुजान सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार लगातार बढ़ रहा है,जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का माहौल प्रभावित हो रहा है और युवा वर्ग इसके दुष्प्रभाव की चपेट में आ रहा है। यदि मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन द्वारा विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा,जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन- प्रशासन की होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश तोमर,ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश अहिरवार, सुखदेव सिंह लोधी सहित भगवती मानव कल्याण संगठन के अनेक पदाधिकारी व सदस्य रहें.



### पेड़ से लटका मिला शव हत्या की आशंका

**नवभारत,दमोह** .पथरिया अंतर्गत ग्राम किन्द्रहो में अधेड़ का शव पेड़ से लटका मिला .परिजनों के आरोप है कि मारपीट के बाद हत्या को अंजाम दिया गया है और फिर शव को पेड़ से लटका दिया गया है .मृतक शरीर पर चोट के निशान, व कपड़े फटे हुए हैं .इसके अलावा शराब की बोतले पास में पड़ी हुई है व मृतक का मुंह तौलिया से बंधा हुआ है .बताया जा रहा है कि सोमवार रात मृतक इस्माइल खान उम्र 50 वर्ष निवासी खेत पर गया था और उसके बाद उसका शव मिला .मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही.